# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति अल नाहयान भारत पुहंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

2. केन्द्रीय कृषि मंत्री ने विकसित भारत जी राम जी पर कहा कि इस अधिनियम से अनुसूचित जाति, महिलाएं और निर्धनों को प्राथमिकता मिलेगी।

3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह को जैव–विविधता की जीवंत प्रयोगशाला बताते हुए केन्द्रीय मंत्री ने इसके संरक्षण पर बल दिया।

4. डी जी पी कप टी– 20 क्रिकेट प्रतियोगिता पुनः प्रारंभ हुई। नेताजी स्टेडियम और पोर्ट मोट में आज से मुकाबले फिर शुरू हुए।

<><><><><><><>

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान आज शाम नई दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद यह उनकी तीसरी आधिकारिक भारत यात्रा है और पिछले एक दशक में यह उनकी पांचवीं भारत यात्रा है। नई दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यू.ए.ई के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात करेंगे। इस यात्रा के दौरान दोनों नेता भारत–संयुक्त अरब अमीरात की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर अपने विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। यह यात्रा भारत–संयुक्त अरब अमीरात की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए नए आयाम स्थापित करेगी।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस द्वारा दिए गए अधिकार केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विचारों, विचारधारा और आदर्शों को त्याग दिया है और देश के विकास या गरीबों के कल्याण से उसका कोई लेना–देना नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम पूरे देश में लागू

होगा और प्रत्येक ग्राम पंचायत इसके दायरे में आएगी। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम एक सौ पच्चीस दिनों का मजदूरी रोजगार सुनिश्चित किया गया है। इससे पहले मनरेगा में सौ दिनों का रोजगार मिलता था। कृषि मंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत 10 करोड़ संपत्तियां सृजित की गई, जिनमें से साढ़े आठ करोड़ संपत्तियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सृजित की गई हैं। चौहान ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, दिव्यांगजन और निर्धनों को प्राथमिकता दी गई है। श्री चौहान ने यह भी बताया कि नए अधिनियम में निर्धारित समय के भीतर रोजगार न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है।

<><><><><><><>

विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने कहा है कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना चाहिए और भारत के पड़ोसी देशों में आतंकी ढांचे को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। पोलैंड के उप–प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्वॉफ् शिकोर्स्की के साथ आज नई दिल्ली में बैठक के दौरान डॉ. जयशंकर ने कहा कि पोलैंड के लिए भारतीय क्षेत्र अंजान नहीं है और वह सीमापार आतंकवाद की दीर्घकालीन चुनौती से भलीभांति परिचित है। डॉ.जयशंकर ने कहा कि हाल के समय में अमरीका और फ्रांस में उन्होंने यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों के बारे में भारत का दृष्टिकोण साझा किया था। उन्होंने कहा कि भारत को जानबूझकर निशाना बनाना अनुचित और अन्यायपूर्ण है।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कल अंडमान सागर से भारत की पहली ओपन–सी (खुले समुद्र में) समुद्री मछली पालन परियोजना का शुभारंभ किया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसे भारत के विशाल समुद्री संसाधनों के माध्यम से ब्लू इकोनॉमी को साकार करने की दिशा में पहले बड़े कदमों में से एक बताया। इस परियोजना का शुभारंभ अंडमान सागर के खुले जल क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान, राजधानी श्री विजया पुरम के निकट स्थित नॉर्थ बे में किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह पहल भारत के समुद्र की आर्थिक क्षमता के द्वार खोलने के लिए उठाए गए शुरुआती और सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। भारत का समुद्री क्षेत्र आर्थिक विकास के लिए समान रूप से संपदा और अवसर रखता है। भारत के समुद्र की विशिष्ट और विविधतापूर्ण प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पश्चिमी, दक्षिणी और पूर्वी तटों में से प्रत्येक की अपनी अलग विशेषताएं हैं और वे देश के विकास में अद्वितीय योगदान देने की क्षमता रखते हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान तथा प्रधानमंत्री कार्यालय से संबद्ध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की जैव विविधता पर्यावरणीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वह राजधानी श्री विजयापुरम स्थित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के अंडमान–निकोबार क्षेत्रीय केंद्र के दौरे के दौरान वैज्ञानिकों और अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने द्वीपसमूह को "जैव विविधता की जीवंत प्रयोगशाला" बताते हुए कहा कि संरक्षण और सतत आजीविका के साथ आधुनिक विज्ञान का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जेडएसआई जैसे संस्थान प्रामाणिक वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध कराकर जैव विविधता संरक्षण, जलवायु सहनशीलता और महासागर आधारित आर्थिक विकास से जुड़ी नीतियों को दिशा देते हैं। इस अवसर पर जेडएसआई के प्रभारी अधिकारी डॉ. सी. शिवापेरुमन ने केंद्र की शोध गतिविधियों, जैव विविधता प्रलेखन तथा संरक्षण में योगदान की जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने जेडएसआई संग्रहालय का भी भ्रमण किया और इसके शैक्षणिक व जन–जागरूकता संबंधी योगदान की सराहना की।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग बुधवार से नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन की मेजबानी करेगा। तीन दिन का यह सम्मेलन लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इसमें विश्व के सत्तर से अधिक देशों के प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग सौ अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में स्थित विदेशी अभियान तथा निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े शिक्षाविद् और कार्यरत् विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। आयोग विभिन्न देशों में निर्वाचन प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए निर्वाचन प्रबंधन निकाय के साथ चालीस से अधिक द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार पुलिस द्वारा आयोजित डीजीपी कप टी–20 राज्य स्तरीय लीग–सह–नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 का पुनः आयोजन प्रारंभ हो गया है। यह प्रतियोगिता नेताजी स्टेडियम, श्री विजयपुरम् तथा पोर्ट मोट क्रिकेट मैदान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पिछले वर्ष 15 मार्च को हुआ था, किंतु लगातार प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। शेष

लीग मुकाबले 19 जनवरी 2026 से पुनः शुरू किए गए हैं। इसी क्रम में सीएस इलेवन एवं यूनाइटेड पुलिस स्टेशन एबरडीन के बीच मुकाबला आईआरबीएन मुख्यालय, पोर्ट माउट मैदान में खेला गया।

<><><><><><><>

जिला बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस चैम्पियनशिप–सह–चयन परीक्षण का आयोजन पुनर्निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 और 25 जनवरी को डिगलीपुर तथा मायाबंदर में किया जाएगा। प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में बालक–बालिका तथा पुरुष–महिला वर्गों के लिए आयोजित होगी। चैम्पियनशिप में चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी गूगल प्रपत्र के माध्यम से अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

हटबे थाना पुलिस की टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान में लगभग सात किलोग्राम क्रिस्टलीय मेथामफेटामाइन बरामद की है। पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक प्रीतम बिहारी के नेतृत्व में टीम ने नशीले पदार्थों को बरामद किया। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

<><><><><><><>